देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित
www.page3news.in
नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 68 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार-प्रवाह...पर्यावरण की दृष्टि से



# पेज थ्री
देहरादून, मंगलवार, 9 जून 2020



मौसम अधिकतम 36.0° न्यूनतम 24.0°

34370.58

2 डोकलाम टला, जारी रहेगा गतिरोध

7 जहीर की सफलता उनके चरित्र की ताकत

## संक्षिप्त समाचार

### सेना प्रमुखों के साथ रक्षा मंत्री ने की बैठक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को रक्षा प्रमुख जनरल बिपिन रावत व तीनों सेना के प्रमुखों के साथ सुरक्षा समीक्षा बैठक की। दरअसल, 6 जून को लद्दाख में जारी तनाव को खत्म करने के लिए दोनों देशों की सेनाओं के बीच बैठक हुई थी। इस पर चर्चा करने के लिए आज केंद्रीय रक्षा मंत्री द्वारा यह बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर ताजा हालात की जानकारी दी गई साथ ही भविष्य की रणनीति को लेकर भी चर्चा हुई। 6 जून की बैठक में दोनों देशों ने जिन मुद्दों पर आपत्ति जताई उसे लेकर आज चर्चा की गई।

### शायराना अंदाज में राहुल गांधी ने किया शाह पर हमला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारत-चीन को लेकर बीते एक महीने से विवाद चल रहा है। अब इस मामले को लेकर राजनीति भी शुरू हो चुकी है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने चीन के साथ जारी सीमा विवाद को लेकर शायराना अंदाज में मोदी सरकार पर निशाना साधा है। राहुल ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के एक बयान पर व्यंग्य करते हुए लिखा है कि हर कोई जानता है कि सीमाओं पर क्या हो रहा है।

### एलजी ने पलटा केजरी का फैसला, दिल्ली में सबका इलाज होगा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। दिल्ली के उपराज्यपाल अनिल बैजल ने दिल्ली के अस्पतालों में दिल्ली के लोगों के इलाज के केजरीवाल सरकार के आदेश पर लगाई रोक। बैजल ने केजरीवाल सरकार के फैसले को रद्द कर दिया है और नए आदेशों के मुताबिक कोई भी व्यक्ति दिल्ली के अस्पतालों में इलाज करा सकता है। गौरतलब है कि रविवार को ही सीएम केजरीवाल ने फैसला लिया था कि दिल्ली सरकार के निजी और प्राइवेट अस्पतालों में केवल दिल्ली के ही मरीजों का इलाज होगा।

# 24 घंटे में 9 आतंकियों का काम तमाम

सेना की बड़ी कामयाबी

## दो हफ्ते में 9 बड़े ऑपरेशन, 22 आतंकियों का खात्मा, 6 शीर्ष कमांडर भी ढेर

**संवाददाता**

जम्मू। घाटी में अशांति फैलाने के लिए पाकिस्तान लगातार नापाक हरकतें करने में जुटा हुआ है। शोपियां के पिंजौरा में चल रहा मुठभेड़ खत्म हो गया है। जम्मू-कश्मीर के डीजीपी दिलबाग सिंह के अनुसार दो दिन के ऑपरेशन के दौरान हिजबुल मुजाहिदीन के 9 आतंकी मारे गए हैं जिनमें से तीन टॉप कमांडर लेवल के लोग हैं। पिछले दो हफ्ते के अंदर 9 बड़े ऑपरेशन हुए जिसमें कुल 22 आतंकी मारे गए जिनमें से 6 टॉप कमांडर हैं। मेजर जनरल ए, सेनगुप्ता सेना की विक्टर फोर्स के जीओसी ने बताया कि शोपियां में सोमवार तड़के 3 बजे शुरू हुए 4 घंटे के ऑपरेशन में 4 आतंकवादी मारे गए। इन आतंकवादियों को नागरिकों पर ज्यादती करने, गैर-स्थानीय मजदूरों को मारने, पुलिसकर्मियों का अपहरण करने, 2019 में ट्रक चालकों को परेशान करने और घायल करने के लिए जाना जाता था। जम्मू-कश्मीर के डीजीपी दिलबाग सिंह के अनुसार जम्मू-कश्मीर में सेना का आतंकियों के खिलाफ सफाई अभियान जारी है। पिछले 24 घंटों में भारतीय सेना ने कश्मीर घाटी में 9 आतंकियों को मार गिराया है। जम्मू-कश्मीर के डीजीपी दिलबाग सिंह के अनुसार दो दिन के ऑपरेशन के दौरान हिजबुल मुजाहिदीन के 9 आतंकी मारे गए हैं जिनमें से तीन टॉप कमांडर लेवल के लोग हैं। पिछले दो हफ्ते के अंदर 9 बड़े ऑपरेशन हुए जिसमें कुल 22 आतंकी मारे गए जिनमें से 6 टॉप कमांडर हैं। डीजीपी जम्मू-कश्मीर दिलबाग सिंह ने कहा जम्मू-कश्मीर में सेना का आतंक के खिलाफ इस बड़े अभियान में घाटी आतंक मुक्त बनने की राह पर है।

### शोपियां में 24 घंटे में मारे गए नौ आतंकी



सोमवार को कश्मीर के अवंतिपोरा इलाके में सीआरपीएफ के आईजी, साउथ कश्मीर में बेस्ड आर्मी की विक्टर फोर्स के जीओसी मेजर जनरल सेनगुप्ता और लेफ्टिनेंट जनरल राजू मीडिया से बात कर रहे थे। पिछले 24 घंटे में शोपियां जिले में हुए दो एनकाउंटर्स में 9 आतंकियों के मारे जाने के बारे में बताते हुए लेफ्टिनेंट जनरल बी एस राजू ने कहा कि इस साल फरवरी तक कश्मीर घाटी काफी हद तक शांत रही और स्थिति सामान्य की ओर लौटने लगी थी। उन्होंने आगे कहा, जनवरी-फरवरी में लोग घूमने लगे थे, स्कूल खुल गए थे और गुलमर्ग में सर्दियों का टूरिजम शुरू हो गया था।

### 370 खत्म होने से कश्मीरी खुश, पाक को दर्द

श्रीनगर। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 370 को लगभग खत्म किए जाने के 10 महीने हो चुके हैं। संविधान के इस संशोधन के बाद जम्मू-कश्मीर के विशेष राज्य का दर्जा समाप्त हो गया। बाद में उसे दो अलग केंद्र शासित प्रदेशों में बांटा गया। भारतीय सेना के लेफ्टिनेंट जनरल बी एस राजू का कहना है कि जम्मू-कश्मीर के लोगों ने अनुच्छेद 370 के खात्मे की कार्रवाई को काफी सहजता और सकारात्मकता से लिया है। उन्होंने यह भी कहा कि इससे सबसे ज्यादा तकलीफ पाकिस्तान को हुई है। आर्मी की 15वीं कॉर के मुखिया लेफ्टिनेंट जनरल बी एस राजू ने कहा कि आर्टिकल 370 के खात्मे को कश्मीरी लोगों ने सकारात्मक रूप से लिया तभी यहां लंबे समय से शांति है।

## होम आइसोलेशन में हैं सीएम केजरीवाल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

■बुखार और गले में खराश, होगा कोरोना टेस्ट

नई दिल्ली। कोरोना वायरस से जूझ रही दिल्ली के लिए एक और चिंताजनक खबर है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की तबीयत खराब हो गई है। उन्हें रविवार से हल्का बुखार और गले में खराश है। कोरोना वायरस के रिस्क को देखते हुए कल उनका टेस्ट कराया जाएगा। सोमवार की उनकी सारी मीटिंग्स कैंसिल कर दी गई हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, केजरीवाल ने कल दिल्ली में कोरोना की स्थिति की जानकारी देने के लिए प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी। जिसके बाद उनकी तबीयत थोड़ी गड़बड़ हुई। ऐहतियातन उन्होंने खुद को होम आइसोलेशन में रखा है। आप सरकार ने दिल्ली में एसिम्टोमेटिक और प्री-सिम्प्टोमेटिक केसेज के कोरोना टेस्ट पर रोक लगा रखी है। सिर्फ लक्षण वाले संदिग्धों का टेस्ट होता है। दिल्ली सरकार में मंत्री सौरभ भारद्वाज ने केजरीवाल की तबीयत खराब होने की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि पिछले कुछ दिन में सीएम के संपर्क में आने वालों लोगों ने सावधानी बरतनी शुरू कर दी है। भारद्वाज ने कहा कि क्वारंटीन में हैं। टेस्ट के बाद पक्का पता जाएगा। मंत्री ने कहा कि कैबिनेट की मीटिंग्स तो दूर-दूर बैठकर होती थीं।

## देश में कोविड-19 के कुल मामले 2,56,611 हुए

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। देश में कोविड-19 के रिकॉर्ड 9,983 नये मामले सामने आये, जिससे देशभर में संक्रमितों की कुल संख्या 2,56,611 पर पहुंच गई, जबकि संक्रमण के कारण 206 और मौतें होने के साथ ही मरने वालों की संख्या 7,135 हो गई। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, वर्तमान में देश में उपचाराधीन मरीजों की संख्या 1,25,381 है, जबकि 1,24,094 मरीज बीमारी से ठीक हो चुके हैं। एक मरीज देश से बाहर जा चुका है। स्वास्थ्य मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, ''इस प्रकार, अब तक लगभग 48.36 प्रतिशत मरीज ठीक हो चुके हैं।'' पुष्टि किए गए मामलों में विदेशी नागरिक भी शामिल हैं। मंत्रालय की वेबसाइट के अनुसार, मरने वाले 70 प्रतिशत से अधिक मरीज अन्य बीमारियों से भी पीड़ित थे।

## गैरसैण ग्रीष्मकालीन राजधानी घोषित किए जाने की अधिसूचना जारी

### भराड़ीसैण को आदर्श पर्वतीय राजधानी का रूप दिया जाएगाः सीएम

**संवादाता**

देहरादून। भराड़ीसैण (गैरसैण) को प्रदेश की ग्रीष्मकालीन राजधानी घोषित किए जाने की अधिसूचना जारी कर दी गई है। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने इस पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि भराड़ीसैण को आदर्श पर्वतीय राजधानी का रूप दिया जाएगा। आने वाले समय में भराड़ीसैण सबसे सुन्दर राजधानी के रूप में अपनी पहचान बनाएगी। भराड़ीसैण (गैरसैण) को ग्रीष्मकालीन राजधानी बनाने के लिए 4 मार्च 2020 को की गई घोषणा सवा करोड़ उत्तराखंडवासियों की भावनाओं का सम्मान है। अब अधिसूचना लागू करने से भराड़ीसैण, गैरसैण आधिकारिक रूप से ग्रीष्मकालीन राजधानी हो गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 के विजन डाक्यूमेंट में गैरसैण को ग्रीष्मकालीन राजधानी बनाने की बात कही गई थी। क्षेत्र में बुनियादी ढांचे के विकास के लिए कार्ययोजना तैयार की जा रही है। इसमें प्लानर और विशेषज्ञों की राय भी ली जा रही है। पेयजल की सुचारू आपूर्ति के लिए रामगंगा पर चौरड़ा झील का निर्माण किया जा रहा है। इसके बनने के बाद भराड़ीसैण, गैरसैण और आसपास के क्षेत्र में ग्रेविटी पर जल उपलब्ध हो सकेगा। गैरसैण की कनेक्टिविटी पर भी काम किया जा रहा है। भराड़ीसैण, गैरसैण को जोड़ने वाली सड़कों को आवश्यकतानुसार चौड़ा किया जाएगा। ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल प्रोजेक्ट पर तेजी से काम चल रहा है। इसके पूरा होने पर रेल गैरसैण के काफी निकट तक पहुंच जाएगी।

### इंफ्रास्ट्रक्चर का किया जा रहा विकास

भराड़ीसैण (गैरसैण) में राजधानी के अनुरूप वहां आवश्यक इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास किया जा रहा है। बड़े स्तर पर फाइलें न ले जानी पड़ी, इसके लिए ई-विधानसभा पर कार्य किया जा रहा है। इससे पेपरलैस कार्यसंस्कृति को बढ़ावा मिलेगा।

## दो महीने में 14वीं बार लगे झटके

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

भूकंप के झटकों से फिर कांपी दिल्ली, 2.1 रही तीव्रता

नई दिल्ली। देश की राजधानी में सोमवार दोपहर फिर भूकंप के झटके महसूस किए गए। दिल्ली पिछले दो महीने से लगातार हल्के झटकों का शिकार हो रही है। इससे लोगों में पैनिक फैल रहा है। सोमवार दोपहर 2.1 तीव्रता का भूकंप आया जिसका केंद्र हरियाणा के गुरुग्राम में बताया जा रहा है।

दिल्ली-एनसीआर में भूकंप के झटकों की शुरुआत 12 अप्रैल (3.5 तीव्रता) से हुई। तब से अबतक अलग-अलग दिन 14 बार झटके लग चुके हैं। एक्सपर्ट्स कहते हैं कि इन्हें हल्के में नहीं लिया जाना चाहिए। ये किसी बड़े भूकंप का संकेत हो सकते हैं।

**गुरुग्राम में था भूकंप का केंद्र**

शुरुआती जानकारी के मुताबिक, भूकंप का केंद्र दिल्ली से सटे गुरुग्राम के पश्चिम में जमीन से 18 किलोमीटर गहराई में था। दोपहर 1 बजे दिल्ली-एनसीआर में झटके महसूस किए गए।

Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in